आकाशवाणी भोपाल

**सांध्यकालीन समाचार**

**दिनांक : 10.05.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में सोमवार को होने वाले मतदान के लिये आज शाम थम गया चुनाव प्रचार ।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने चौथे चरण में मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों में ”चलें बूथ की ओर” अभियान चलाने के दिये निर्देष ।
- अगले 24 घंटों में राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने की संभावना ।

**लोकसभा चुनाव**

लोकसभा चुनाव के चौथे और प्रदेश के अंतिम चरण में 8 लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सोमवार को मतदान होगा। इन सभी क्षेत्रों में आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया।

इस चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को सुबह 7 बजे से षाम 6 बजे तक मतदान होना है। आज प्रदेश के मालवा निमाड़ क्षेत्र में भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने रतलाम और इंदौर में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने देवास, आगरमालवा और धार में और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में प्रचार किया।

वहीं, कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, संजय कपूर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पार्टी के अन्य नेताओं ने पार्टी प्रत्याषियों के पक्ष में प्रचार किया।

**”चलें बूथ की ओर” अभियान**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने चौथे चरण में मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों में ”चलें बूथ की ओर” अभियान चलाने के निर्देष दिये हैं । उन्होंने संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी विभागों के समन्वय से यह अभियान गंभीरता पूर्वक चलाएं। उन्होंने कहा है कि मतदान के एक दिन पहले 12 मई को प्रत्येक मतदान केंद्र के क्षेत्र में रैली की जाए, जिससे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। श्री राजन ने कहा है कि मतदाता पर्ची एवं वोटर गाईड का विधिवत वितरण कराया जाये। इसे भी एक उत्सव का स्वरूप दिया जाकर इसमें पीले चावल इत्यादि मतदाताओं को देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जाएं। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता वाहनों के माध्यम से उद्घोषणा कराकर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से डोंडी पिटवाकर मतदान की तिथि, समय तथा आवश्यक 13 दस्तावेजों की जानकारी दी जाएं। यह जानकारी मतदान के एक दिवस पूर्व तथा मतदान दिवस के दिन भी दी जाएं।

**जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ’ नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया

गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं खंडवा जिले की आषीका बिलाहे का ये संदेषः....

**बाईट–** .. आषीका बिलाहे

## मतदाता जागरुकता

प्रदेश में चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इंदौर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से मतदान की महत्ता बताते हुए मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में 13 मई को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों ने अपने स्तरों पर मतदान करने वाले मतदाताओं को छाछ, जलजीरा सहित अन्य शीतल पेय देने का निर्णय लिया है। वहीं जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 11 ऐसी पंचायतें है जिन्होंने मतदान करने वाले मतदाताओं को लक्की ड्रा के माध्यम से पुरस्कृत करने का निर्णय भी लिया है। ग्राम पालिया में मतदान केन्द्र पर वेस्ट टू बेस्ट थीम से कचरे को रिडयूस, रियूज एवं रिसाईकल का संदेश दिया जायेगा जबकि ग्राम मांगल्या में मतदान केन्द्र को पानी बचाओ की थीम द्वारा जल संरक्षण का संदेश दिया जायेगा। नीमच जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत चार पेट्रोल पंप संचालकों ने मतदाताओं के 13 मई को अपना वोट डालकर पेट्रोल, डीजल भरवानें पर छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है ।

## नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में आज दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर, संम्पत्तिकर, बैंक ऋण व विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। नर्मदापुरम में आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। गुना में आयोजित लोक अदालत के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा रक्तदान किया गया।

## मौसम

प्रदेश में पिछले चार दिनों से मौसम बदला हुआ है। कई जिलों में आंधी–बारिश और ओले गिर रहे हैं। जबकि उज्जैन, शाजापुर, रायसेन, सीहोर जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर, रतलाम में बादल छाए रहे। तेज हवा आंधी और बेमौसम बारिश के कारण बुरहानपुर के ग्रामीण अंचलों में भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल 12 मई को राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश की संभावना है। 13 मई को प्रदेश के सभी जिलों में मौसम बदला रहेगा। कहीं बादल रहेंगे तो कहीं आंधी भी चल सकती है। वहीं, 14 मई को प्रदेश के कुछ जिलों में भी मौसम बदला रहेगा।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि तीन पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने, चक्रवाती परिसंचरण सिस्टम और हवा का रुख बदला होने की वजह से ऐसा मौसम बन रहा है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का दौर चल रहा है। 14 मई तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने का भी अनुमान है, इसलिए बादलों की गरज–चमक के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता में मुंबई इंडियंस का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। अंक तालिका में कोलकाता की टीम 16 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। जबकि मुंबई की टीम आठ अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

**समाचार संक्षेप में :–**

●इंदौर में  कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान वाले दिन वाहनों के दुरूपयोग को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

●नर्मदापुरम की केन्द्रीय जेल में जिला चिकित्सालय की ओर से मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेल में बंदियों के हेपेटाटिस–बी और सी., एचआईवी, एड्स, सिफलिस  की स्क्रीनिंग की गई।

●भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक अबु बकर सिद्दीकी पी. ने आज नीमच में लोकसभा निर्वाचन के तहत स्थापित वाहनों की जी.पी.एस.निगरानी एवं वेबकास्टिंग निगरानी कन्ट्रोल रूम का अवलोकन किया।

●शिवपुरी जिले में आज से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। यह शिविर 11 जून तक चलेगा। इसमें 18 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। समर कैंप में कई फिटनेस गतिविधियों को शामिल किया गया है।